# दिनांक-28.04.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दलसिंहसराय के अंतर्गत बलान नदी के दॉयें भाग में ग्राम केवटा के निकट पक्का सुरक्षात्मक कार्य (एजेण्डा सं0-242/464/2026) (निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-04SBD/2025-26 ग्रुप संख्या-04) के निविदा के तकनीकी बीड पर विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति से प्राप्त अनुशंसा पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक-28.04.2026 को सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया ।

(i) श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना ।

(ii) श्री वरूण कुमार, अभियन्ता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।

(iii) श्री नवल किशोर भारती, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर ।

(iv) श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना ।

**2.** **तकनीकी बीड**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कार्य का नाम | :- | बलान नदी के दॉयें भाग में ग्राम केवटा के निकट पक्का सुरक्षात्मक कार्य (एजेण्डा सं0-242/464/2026)। |
| (ii) | स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि | :- | रु0 279.93 लाख |
| (iii) | निविदा प्रकाशन का विवरण | :- | हिन्दुस्तान, दिनांक-28.02.2026 पी0आर0 नं0-25063(WRD)2025-26 |
| (iv) | निविदा प्राप्ति की तिथि | :- | दिनांक-09.03.2026 |
| (v) | प्राप्त निविदाओं की सं0 | :- | 03 अदद । |
| (vi) | निविदा की प्रक्रिया | :- | ई-टेन्डरिंग । |
| (vii) | एन0 आई0 टी0 सं0 | :- | 04SBD/2025-26 ग्रुप संख्या-04 |
| (viii) | प्रमंडल का नाम | :- | बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दलसिंहसराय । |
| (ix) | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग एवं राशि | :- | विभागीय पत्रांक-1645 दिनांक-20.04.2026 एवं राशि रू0 297.47 लाख |

**3. विभागीय निविदा समिति की समीक्षा :-**

उक्त निविदा में वित्तीय बोली (Financial Bid) के मूल्यांकण हेतु एकल सफल निविदादाता होने एवं पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के अधिसूचना सं0- 3162(S) पटना दिनांक-09.05.2016 के आलोक में एकल निविदा निस्तार करने हेतु विभागीय अनुमोदन प्राप्त होने (विभागीय पत्रांक-658 दिनांक-23.02.2026 द्वारा संसूचित) के कारण विषयक निविदा को विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित किये जाने हेतु मुख्य अभियंता, समस्तीपुर द्वारा निविदा अभिलेख आदि समर्पित किया गया है ।

उक्त कार्य के संदर्भ में दिनांक-18.04.2026 को संपन्न बैठक में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर के स्तर पर गठित निविदा समिति के द्वारा विषयांकित निविदा पर विचार किया गया, जिसमें समिति के द्वारा समीक्षोपरांत स्थिति निम्नवत् प्रतिवेदित किया गया है:-

(i) **मे0 आशा कन्सट्रक्शन, बेला, मुजफ्फरपुर :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्त्ता के अनुरूप है । अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते है ।

(ii) **पुजा कुमारी, ग्राम-खैरा, पो0-निसुरपुर, थाना-टिकारी, गया :- इनके** द्वारा तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्त्ताएँ पूर्ण करने से संबंधित अभिलेख समर्पित किया गया है । परन्तु मुख्य अभियंता, समस्तीपुर के पत्रांक-1465 दिनांक-16.04.2026 द्वारा बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दलसिंहसराय के अन्तर्गत एजेण्डा संख्या-244/04/2026 का कार्यावंटन हो जाने के फलस्वरूप इनका बीड कैपेसिटी वांछित से कम हो गयी है । अतः ये तकनीकी बीड की वांछित अहर्ता पूरी नही करते है ।

(iii) **पुष्पांजली इन्जिकॉन प्रा0लि0, ओल्ड जी0टी0 रोड, औरंगाबाद :-** पुष्पांजली इन्जिकॉन प्रा0लि0, जिला जमशेदपुर, झारखंड के पत्रांक-01 दिनांक-15.04.2026 द्वारा समर्पित आवेदन के क्रम में अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, समस्तीपुर के पत्रांक-528 दिनांक-16.04.2026 द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार इन्हें एक नया काम आवंटित हो जाने के कारण इनका बीड कैपेसिटी समाप्त हो गया है । अतः ये तकनीकी बीड की वांछित अहर्त्ता पूरी नहीं करते है।

मुख्य अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर का पत्रांक-1515 दिनांक-18.04.2026 से प्राप्त उपर्युक्त कार्य की निविदा अभिलेखों, तुलनात्मक विवरणी के आलोक में स्थिति निम्नवत् है :-

(i) **मे0 आशा कन्सट्रक्शन, बेला, मुजफ्फरपुर :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप है । अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते है ।

(ii) **पुजा कुमारी, ग्राम-खैरा, पो0-निसुरपुर, थाना-टिकारी, गया :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ताएँ पूर्ण करने से संबंधित अभिलेख समर्पित किये गये है, परन्तु बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दलसिंहसराय अन्तर्गत एजेण्डा सं0-244/04/2026 का कार्य मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर के पत्रांक-1465 दिनांक-16.04.2026 द्वारा आवंटित होने के फलस्वरूप अब इनका बीड कैपेसिटी इस निविदा हेतु वांछित अर्हता रु0 279.93 लाख से कम हो गया है । अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी नहीं करते है ।

(iii) **पुष्पांजली इन्जिकॉन प्रा0लि0, ओल्ड जी0टी0 रोड, औरंगाबाद :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ताएँ पूर्ण करने से संबंधित अभिलेख समर्पित किये गये है । परन्तु अन्य कार्य आवंटित होने के फलस्वरूप अब इनका बीड कैपेसिटी इस निविदा हेतु वांछित अर्हता रु0 279.93 लाख से कम हो गया है । अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी नहीं करते है ।

4. **विभागीय निविदा समिति का निर्णय :-**

विभागीय निविदा समिति द्वारा समीक्षोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर सहमति देते हुए विषयक कार्य की निविदा में सम्मिलित कुल तीन (03) अदद् निविदादाताओं में से एक (01) अदद् निविदादाता यथा **1. मे0 आशा कन्सट्रक्शन, बेला, मुजफ्फरपुर** तकनीकी बीड में सफल पाये गये तथा दो (02) अदद निविदादाता यथा 1. **पुजा कुमारी, ग्राम-खैरा, पो0-निसुरपुर, थाना-टिकारी, गया एवं 2. पुष्पांजली इन्जिकॉन प्रा0लि0, ओल्ड जी0टी0 रोड, औरंगाबाद** तकनीकी बीड में असफल पाये गये ।

उपर्युक्त समीक्षा के आलोक में विभागीय निविदा समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर को तकनीकी बीड में सफल एकल निविदादाता **मे0 आशा कन्सट्रक्शन, बेला, मुजफ्फरपुर** से इस आशय की सहमति की ''यदि संवेदक द्वारा उद्धत दर, परिणाम विपत्र की दर से अधिक पाया जाता है तो वे यह कार्य परिमाण विपत्र की दर / वार्तालापित दर पर करने के लिए सहमत होगें'' लेने के उपरान्त ही उनका वित्तीय बीड खोलकर नियमानुसार कार्य आवंटित करने हेतु प्राधिकृत किया गया ।

28/04/26

(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग, पटना

28.04.26

(नवल किशोर भारती)
मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर

28/04/2026

(वरूण कुमार)
अभियन्ता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना

28/4

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सि0- 110/2026- 1843 पटना/ दिनांक- 28/4/2026

प्रतिलिपि:- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं सभी निविदा अभिलेखो के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित । अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक-786 दिनांक-06.02.2025 के आलोक में भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय ।

28/4/26

(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सि0-110/2026- 1843 पटना/ दिनांक- 28/4/2026

प्रतिलिपि:- कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित ।

28/4/26

(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियन्ता